दुकान में लगी आग, लाखों की टू-व्हीलर जलकर खाक

कन्या महाविद्यालय के पास राकेश ऑटो डील में देर रात शॉर्ट सर्किट से भू-तल में लगी आग, तहसीलदार ने मौके का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सीधी 25 मई। दुकान में आग लगने से लाखों की टू-व्हीलर जलकर खाक हो गई। कन्या महाविद्यालय के पास राकेश आटो डील में देर रात शार्ट सर्किट से भू-तल में लगी आग के बाद तहसीलदार ने मौके का निरीक्षण किया।

सीधी शहर में कन्या कॉलेज के समीप राकेश ऑटो डील में देर रात आग लगने से दर्जनों टू व्हीलर, मैजिक समेत अन्य सामान जलकर खाक हो गये। फायर ब्रिगेड पहुंचने के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने से 70-80 लाख की क्षति बताई जा रही है। राकेश ऑटो डील प्रतिष्ठान में पुरानी बाइक एवं स्कूटी बेंचने का कारोबार होता था। बताया जा रहा है कि आग शार्ट सर्किट से दुकान के भू-तल में रखे टू व्हीलरों में लगी। यहां 40-50 बाइक एवं कुछ स्कूटी रखी गई थी। आग लगने से भू-तल से तेज धुआं निकलना शुरू हुआ, फिर आग की तेज लपटें निकलने लगी। आस-पड़ोस के लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस एवं फायर ब्रिगेड को देने के साथ दुकान मालिक राकेश गुप्ता को दी। कुछ समय में फायर ब्रिगेड और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। मौके पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। फायर ब्रिगेड से आग पर कुछ देर में काबू पाया गया। आग की लपटों के प्रथम तल में भी पहुंच जाने से यहां रखी कुछ बाइक भी जल गई। गनीमत रही कि फायर ब्रिगेड के आ जाने से प्रथम तल में रखी अधिकांश आग से बच गई। फिलहाल घटना की जानकारी मिलने पर व्यापारी संघ अध्यक्ष लालचंद गुप्ता भी मौके पर पहुंचे और घटना के प्रभावित व्यवसायी को सांत्वना प्रदान की।

आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट

राकेश ऑटो डील में आग लगने के कारण मुख्य रूप से शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। भू-तल में रखे दो पहिया वाहन पूरी तरीके से जल करके खाक हो गएए जबकि प्रथम तल पर रखे अधिकांश दो पहिया वाहन बच गएए ऐसे में काफी छति हुई है। पुराने वाहनों में आग लगने से काफी क्षति हुई है जिसका टीम मौके पर पहुंचकर सर्वे कार्य में जुटी रही।

आग लगने से लाखों की हुई क्षति : राकेश

राकेश ऑटो डील के संचालक राकेश गुप्ता के द्वारा बताया गया की रात करीब 2 बजे मकान मालिक के द्वारा फोन के माध्यम से सूचना मिली की आग लगी हुई है। आने पर देखा कि फायर ब्रिगेड आग बुझा रही थी लेकिन तब तक काफी क्षति हो चुकी थी। 40 से 50 वाहन जल करके पूरी तरीके से खाक हो गए थे। जिसकी अनुमानित नुकसान की कीमत 70 से 80 लाख रुपए है। मौके पर राजस्व विभाग की ओर से तहसीलदार राकेश शुक्ला पहुंचकर के निरीक्षण किए। राकेश ऑटो डील के संचालक राकेश गुप्ता के द्वारा घटना की रिपोर्ट कोतवाली थाना में दर्ज कराई गई है।

इनका कहना है

दुकान में आग लगने की घटना की जानकारी मिलने पर वे मौके पर पहुंचे थे, हल्का पटवारी को नुकसान का आंकलन करने के निर्देश दिए गए हैं। रिपोर्ट तैयार कर उचित कार्रवाई की जाएगी। पुलिस और प्रशासन फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रहा है।

राकेश शुक्ला, तहसीलदार सीधी

लोक सेवा गारंटी अधिनियम : लापरवाही पर 3 पंचायत सचिवों पर अर्थदंड

हितग्राहियों को मिलेगा प्रतिकर

नवभारत न्यूज

सीधी 25 मई। म.प्र. लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम 2010 के तहत सेवाओं के समयबद्ध प्रदाय में लापरवाही बरतने पर जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं द्वितीय अपील प्राधिकारी द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुए 3 पंचायत सचिवों पर 500-500 रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। साथ ही संबंधित हितग्राहियों को 500-500 रुपये प्रतिकर दिए जाने के आदेश भी जारी किए गए हैं।

जारी आदेश के अनुसार लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से विभागीय पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निराकरण किया जाना अनिवार्य है। इसके बावजूद योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की अधिसूचित सेवाओं जन्म/विवाह पंजीयन (अप्राप्यता प्रमाण पत्र) से संबंधित आवेदन समय-सीमा के बाद भी लंबित पाए गए, जिससे हितग्राहियों को समय पर सेवा का लाभ नहीं मिल सका। इसे लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन माना गया। प्रकरण में रामनरेश साकेत, सचिव ग्राम पंचायत वस्तुआ जपं कुसमी श्याम सरोज सिंह, सचिव ग्राम पंचायत कोटदर खुर्द जपं सीधी एवं मनोज कुमार सिंह, सचिव ग्राम पंचायत मेडरा जपं मझौली द्वारा सेवा प्रदाय में लापरवाही पाए जाने पर अधिनियम की धारा 7(1)(क) के तहत 500-500 रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। साथ ही संबंधित हितग्राहियों को 500-500 रुपये प्रतिकर प्रदान किए जाने के आदेश भी जारी किए गए हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अर्थदंड की राशि निर्धारित शासकीय मद में जमा कर चालान की प्रति तीन दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि अधिरोपित राशि जमा होने तक संबंधित सचिवों का वेतन भुगतान प्रतिबंधित रहेगा।

गंगा दशहरा पर पोखडोर तालाब परिसर में हुआ श्रमदान कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

सीधी 25 मई। गंगा दशहरा के अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पोखडोर द्वारा स्थानीय तालाब परिसर में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य जल स्रोतों के संरक्षण, स्वच्छता एवं जल संवर्धन के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करना रहा। इस अवसर पर समिति के सदस्यों स्वैच्छिक संस्थाओं एवं ग्रामीणजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए तालाब परिसर की साफ-सफाई की तथा श्रमदान कर जल संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने जल स्रोतों को सुरक्षित रखने एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक सहभागिता का संकल्प भी लिया। मुख्य अतिथि गोविंद गौतम द्वारा बताया गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से गांव में जल संरक्षण संबंधी गतिविधियां लगातार संचालित की जा रही हैं ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल स्रोत सुरक्षित रह सकें, साथ ही प्रत्येक जल स्त्रोत को गंगा मैया का दर्जा देते हुए स्वच्छ एवं संरक्षित करने का आह्वान किया गया।

उक्त श्रमदान कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पोखडोर, पुजौही, तेंदुआ नं.1, रजडिहा तथा स्वैच्छिक संस्था दिव्य सामाजिक सेवा समिति के सदस्य एवं परामर्शदाता देवी प्रसाद गौतम, सीएम इंटर्न कृष्ण कुमार शुक्ला सहित स्थानीय सरपंच, सचिव एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

बढ़ौरा शिव मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

नवभारत न्यूज

सेमरिया 25 मई। भगवान शिव के प्रिय अधिमास माह के सोमवार को जिले के प्रसिद्ध बढौरा शिव मंदिर में आज सुबह से आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

सीधी जिले सहित आसपास के जिलों और कस्बों से हजारों की संख्या में पहुंचे शिव भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। मिली जानकारी के अनुसार अधिमास के प्रारंभ होते ही प्रतिदिन सुबह लगभग 4 बजे भोर से ही मंदिर परिसर में

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। एक अनुमान के मुताबिक सोमवार के दिन 10 हजार से अधिक श्रद्धालु शिव मंदिर बढ़ौरा पहुंचे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सेमरिया थाना, बम्हनी पुलिस सहित अन्य स्थानों से आए पुलिस कर्मी मंदिर परिसर में तैनात रहे ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना अथवा चोरी की वारदात न हो सके। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर शिव मंदिर से पहले ही रोक लगा दी गई थी। मंदिर प्रांगण में नारियल, चुनरी और पूजन सामग्री की दुकानों पर दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। दुकानों में जमकर खरीदारी होने से व्यापारियों के चेहरे खिल उठे।

वहीं दूसरी ओर वाहन पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली की शिकायतें भी सामने आईं। मंदिर से लगभग 200 मीटर दूर बाइक खड़ी करने के नाम पर श्रद्धालुओं से 10 से 20 रुपये तक वसूले गए। इसके अलावा मंदिर परिसर और आसपास लगे होटल एवं खाद्य दुकानों में दूषित खाद्य पदार्थों की बिक्री भी खुलकर होती नजर आई। श्रद्धालुओं ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

प्रकरणों का समयसीमा में निराकरण किया जाए सुनिश्चित : विकास

समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने तय की जवाबदेही और प्राथमिकताएं

नवभारत न्यूज

सीधी 25 मई। कलेक्टर विकास मिश्रा ने समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जनहित से जुड़े मामलों में तत्परता, गुणवत्ता और समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में राजस्व प्रकरणों के निराकरण, पेयजल आपूर्ति, आपदा प्रबंधन, सीएम हेल्पलाइन, स्वरोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि भू-अर्जन से संबंधित सभी प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि विकास कार्य प्रभावित न हों। उन्होंने राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन जैसे मामलों में निर्धारित समय-सीमा का कड़ाई से पालन किया जाए तथा निराकृत प्रकरणों का रिकॉर्ड में त्वरित अमल कराया जाए। साथ ही राजस्व वसूली में प्रगति लाने और लंबित प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। शहरी क्षेत्रों में अनियोजित विकास को रोकने के लिए अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी बसाहटों में पेयजल आपूर्ति सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि जहां भी पेयजल संकट की स्थिति हो, वहां तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही लू से बचाव के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार तथा उपचार की समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए गए। बैठक में राहत प्रकरणों में तत्परता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर सहायता मिल सके। युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से प्रत्येक विकासखंड में खेल मैदान हेतु उपयुक्त भूमि का चिन्हांकन करने को कहा गया। शिक्षा के क्षेत्र में कलेक्टर ने विशेष संवेदनशीलता दिखाते हुए विद्यालय एवं महाविद्यालय जाने वाली दिव्यांग बालिकाओं के लिए कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु चिन्हांकन करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने कलेक्टर समाधान कार्यक्रम के अंतर्गत 5 शिकायतकर्ताओं से सीधे चर्चा कर उनके प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि शासन की प्राथमिकता आमजन को त्वरित राहत और बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना है इसलिए सभी अधिकारी पूर्ण जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, एडीएम बीपी पाण्डेय, एसडीएम सिहावल राजेश शुक्ला, गोपदबनास राकेश शुक्ला, मझौली आरपी त्रिपाठी, कुसमी शैलेश द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सीएमओ प्रिया पाठक सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय

नल जल योजना में हजारों करोड़ का भ्रष्टाचार, अब पीएचई को ही बंद करने की तैयारी में सरकार : अजय

नवभारत न्यूज

सीधी 25 मई। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने आरोप लगाया है कि गावों में नल-जल योजना के लिए केन्द्र सरकार से मिले 30 हजार करोड़ रुपए में हुए हजारों करोड़ के भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए म.प्र. सरकार अब पीएचई विभाग को ही बंद करने की तैयारी कर रही है। इसका कुछ भाग ग्रामीण विकास विभाग और कुछ हिस्सा नगरीय निकाय और आवास विभाग में विलय किया जा रहा है।

यह सब केन्द्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के उस फैसले की आड़ में किया जा रहा है जिसमें कहा गया है कि एकल नल-जल योजना का पूरा हिस्सा पीएचई से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को दे दिया जाए। मुख्यमंत्री मोहन यादव इस पर अपनी मौखिक सहमति भी दे चुके हैं, यह सहमति केवल महाघोटाले के सबूत को मिटाने और भ्रष्टाचारी चहेते ठेकेदारों को बचाने की सोची समझी साजिश है। अजय सिंह ने कहा कि विभाग को खत्म कर उसे अन्य विभाग में मिलाने से क्या भ्रष्टाचार की मानसिकता समाप्त हो जाएगी? गांव में पीने का पानी उपलब्ध कराने का पवित्र काम भी अब भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है। लोग पीने के पानी के लिए त्राहि त्राहि कर रहे हैं लेकिन सरकार में बैठे लोगों को कोई फिक्र नहीं है, वे सिर्फ अपनी प्यास बुझा

रहे हैं। श्री सिंह ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के पुनर्गठन और इसे बंद करने की सरकारी कवायद पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि यह प्रशासनिक फेरबदल प्रदेश की जनता के हितों के लिए नहीं बल्कि जल जीवन मिशन के तहत हुए हजारों करोड़ रुपये के नल-जल महाघोटाले के सबूतों को मिटाने और भ्रष्ट अधिकारियों व चहेते ठेकेदारों को बचाने की एक सोची-समझी साजिश है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जब पूरे प्रदेश से यह शिकायतें आ रही हैं कि बिना काम पूरा हुए कागजों पर कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र जारी कर ठेकेदारों को करोड़ों का भुगतान कर दिया गया, तब सरकार जांच करने के बजाय विभाग को ही भंग करने की राह पर चल पड़ी है। उन्होंने कहा कि इस महाघोटाले के असली सूत्रधार बड़े राजनेता और शीर्ष अधिकारी हैं लेकिन सरकार विभाग के छोटे कर्मचारियों और उपयंत्रियों को बलि का बकरा बनाकर बड़े मगरमच्छों के लिए बचने का रास्ता साफ रही है। अजय सिंह ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से मांग की हैं कि पीएचई विभाग और जल जीवन मिशन के तहत हुए सभी कार्यों की निष्पक्ष जांच शीघ्र ही किसी स्वतंत्र एजेंसी या मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के सिटिंग जज की निगरानी में समय सीमा में कराई जाए। पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा है कि सरकार यह मुगालता छोड़ दे कि वह विभाग का नाम बदलकर या उसे बंद करके जनता की गाढ़ी कमाई के हजारों करोड़ रुपये हजम करने वालों को बचा लेगी। यदि सरकार ने तुरंत इस महाघोटाले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच नहीं कराई, तो कांग्रेस जनता की अदालत में सरकार के इस छलावे को बेनकाब करेगी।

नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 28 को

नवभारत न्यूज

सीधी 25 मई। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) अंतर्गत जन्मजात विकृति से ग्रसित कटे-फटे होंठ एवं तालु के मरीजों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

यह शिविर स्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट के तहत 28 मई बुधवार को प्रात: 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक परवरिश केन्द्र जिला चिकित्सालय सीधी में आयोजित होगा। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं सर्जरी के लिए चिन्हांकन किया जाएगा। चयनित मरीजों को उपचार की समस्त सुविधाएं पूर्णत: नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बबिता खरे ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके संज्ञान में कटे-फटे होंठ एवं तालु से पीड़ित कोई भी बच्चा अथवा हितग्राही हो, तो उसे इस शिविर में लाकर नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिलाएं। पंजीयन एवं अधिक जानकारी के लिए जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक, आरबीएसके पुष्पेन्द्र शुक्ला से संपर्क किया जा सकता है।

कसिहवा पहुंचे एनएसयूआई छात्र नेता दिव्यांशु सिंह

नवभारत न्यूज

सीधी 25 मई। सीधी विधानसभा अंतर्गत ग्राम कसिहवा में घर में आग लगने की दुखद घटना में 3 मासूम बच्चों की दर्दनाक मृत्यु के बाद दिव्यांशु सिंह चौहान ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

इस दौरान उन्होंने घटना को प्रशासन की गंभीर लापरवाही बताते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर बुलाकर स्थिति का जायजा लिया। एनएसयूआई नेता दिव्यांशु सिंह चौहान ने पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता, उचित मुआवजा एवं न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि दुख की इस घड़ी में वह पूरी मजबूती के साथ पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। कांग्रेस पार्टी एवं एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने भी घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

सांसद आवास का घेराव कर कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन

नीट परीक्षा पेपर लीक को लेकर सांसद आवास पर विरोध प्रदर्शन करने आये सैकड़ों युकां एवं एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया

नवभारत न्यूज

सीधी 25 मई। सांसद आवास का घेराव कर आज कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन किया। नीट परीक्षा पेपर लीक को लेकर सांसद आवास पर विरोध प्रदर्शन करने आये सैकड़ों युकां एवं एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया।

जिला मुख्यालय में आज सोमवार दोपहर 1 बजे उस समय राजनीतिक प्रदर्शन रणभूमि में बदल गया, जब यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नीट परीक्षा पेपर लीक और प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित धांधली के विरोध में सांसद आवास का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को वाटर कैनन का इस्तेमाल करना पड़ा और बाद में कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया। यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता शहर में रैली निकालते हुए सीधी सांसद डॉ.राजेश मिश्रा के आवास तक पहुंचे। कार्यक्रम का नेतृत्व मध्यप्रदेश युवक कांग्रेस के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार ने किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह, युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह दादू, जिला संगठन महासचिव ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, महासचिव धीरज सिंह बिक्की, पी.डी.पटेल, एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मंजुल त्रिपाठी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष करुण सिंह चौहान ने की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं ने देशभर के करोड़ों छात्रों और अभिभावकों का भरोसा कमजोर किया है। मेहनत करने वाले विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

युवाओं ने मांग की कि परीक्षा प्रणाली को पूर्णत: पारदर्शी बनाया जाए तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा छात्रहित और युवाओं के अधिकारों की आवाज उठाती रही है। युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित यह आंदोलन केवल एक विरोध प्रदर्शन नहीं बल्कि देश के युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने की लड़ाई है। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए निष्पक्ष जांच एवं छात्रों को न्याय दिलाने की मांग की।

कार्यक्रम में इनकी भी रही मौजूदगी

कार्यक्रम में कमलेन्द्र सिंह, विजय सिंह, दिग्विजय सिंह राहुल, उत्सव सिंह, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह, उपाध्यक्ष अनुज साहू, विधानसभा अध्यक्ष गण क्रमश चुरहट केडी सिंह, धौंहनी अभिषेक सिंह, सिहावल सूर्या साहू, ब्लॉक अध्यक्षगण क्रमश हर्षित शुक्ला, विपिन सिंह बघेल, अनिल पटेल, रमेश साहू, रोहित द्विवेदी, रमन सिंह सहित काफी संख्या में युवक कांग्रेस पदाधिकारी, कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं छात्र मौजूद रहे।